## BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA

**Final Examination (13 March 2026)**
**CLASS - VIII**
**PAPER- HINDI (SET-B)**

**Time:3 hr.** **M.M. 80**

**खंड 'क' : अपठित बोध**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-** **(5)**

यह काफ़ी पुरानी घटना है। तब तमिलनाडु राज्य का नाम मद्रास था। मद्रास प्रांत के एक स्टेशन के निकट एक प्वाईंटमैन अपना प्वाईंट (वह उपकरण जिससे गाड़ियों का ट्रैक बदला जाता है) पकड़े खड़ा था। दोनों ओर से दो गाड़ियाँ अपनी पूरी गति से दौड़ी चली आ रही थीं। उस दिन मौसम खराब था और वह आँधी-तूफ़ान का संकेत दे रहा था। ऐसे भयावह मौसम में रोशनी के भी भरपूर साधन नहीं थे। प्वाईंटमैन अपने काम के लिए मुस्तैदी से तैयार था। तभी उसे अपने पैरों पर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। उसने देखा तो दंग रह गया। एक साँप उसके पैरों से लिपट रहा था। प्वाईंट उसके हाथ में था। डर के कारण उसकी घिग्घी बँध गई। किन्तु तभी उसने सोचा कि यदि वह प्वाईंट हाथ से छोड़ देगा तो ऐसे में दोनों गाड़ियाँ परस्पर भिड़ जाएँगी और असंख्य लोगों की मृत्यु हो जाएगी। साँप के काटने से तो अकेले सिर्फ उसकी ही जान जाएगी लेकिन, असंख्य लोगों की जान बच जाएगी। कम-से-कम मरते-मरते वह असंख्य लोगों की जान बचाने का पुण्य तो अर्जित कर ही लेगा। यह सोचकर वह बिना हिले-डुले प्वाईंट को पकड़े खड़ा रहा। कुछ ही देर में दोनों रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट तेज़ हुई और रेलगाड़ियाँ आराम से प्वाईंटमैन के द्वारा पकड़े गए प्वाईंट की सहायता से अलग-अलग ट्रैक पर निकल गईं। उधर साँप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर प्वाईंटमैन का पैर छोड़कर चला गया। रेलगाड़ियों के जाने के बाद जब प्वाईंटमैन का ध्यान अपने पैरों की ओर गया तो वह यह देखकर दंग रह गया कि वहाँ कुछ न था। यह देखकर उसके मन से स्वतः ही निकला, 'सच ही है, जो इंसान सच्चे मन से लोगों की मदद करते हैं उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करते हैं।' बाद में जब इस घटना का पता अधिकारियों को चला तो उन्होंने न सिर्फ प्वाईंटमैन को शाबाशी दी अपितु उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

(i) प्वाईंटमैन का क्या काम होता है?
(क) मशीनों को ठीक करना (ख) उपकरण द्वारा गाड़ियों की मरम्मत करना
(ग) गाड़ियों का ट्रैक बदलना (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) प्वाईंटमैन क्या देखकर दंग रह गया ?
(क) अपने पैरों में साँप को लिपटते देखकर (ख) गाड़ी के सामने व्यक्ति को आता देखकर
(ग) भयानक शेर को सामने आता देखकर (घ) भयानक आकृति को आता देखकर

(iii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-
कथन: साँप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर चला गया।
निष्कर्ष : साँप आदमी के पैरों की आहट सुनकर घबरा गया।
(क) कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है। (ख) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
(ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है (घ) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(iv) प्वाईंटमैन ने साँप के भागने पर क्या सोचा ?
(v) प्वाईंटमैन को शाबाशी क्यों दी गई ?

**खंड ख' ' : पाठ्यपुस्तक**

**प्रश्न2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए- (कोई छह करें)** **(3)**

गाथा, दृष्टिकोण, पताल, झूठ-फरेब, सिद्धांत, स्वराज्य , अदम्य, माया

**प्रश्न 3) निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग करके लिखें-(कोई तीन करें)** **(3)**

पीड़ा, छल, स्नातक, कुर्बानी

**प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-**

i). कविता 'हिमालय और हम' में हिमालय को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है ? (1)
ii) छत्रपति शिवाजी के स्वराज्य की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था? (1)

B-1

Scanned with OKEN Scanner

iii) छत्रपति शिवाजी को रोकने के लिए आदिल शाह ने क्या क़दम उठाया? (1)

iv) बीजापुर दरबार में आदिल शाह ने छत्रपति शिवाजी की बातों पर क्या प्रतिक्रिया दी और शाह जी ने शिवाजी का समर्थन कैसे किया ? (2)

v) परमानंद द्वारा पढ़े गए पत्र ने कहानी के मोड़ को कैसे प्रभावित किया? (2)

**(vi) किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए-** **(3)**

अगर आपको हिमालय की जगह किसी अन्य प्राकृतिक तत्व का चयन करना हो जो भारत की पहचान हो तो आप किसे चुनेंगे और क्यों?

**अथवा**

छत्रपति शिवाजी का आगरा के क़िले से पलायन करना उनकी योजना साहस और चतुराई का परिचायक है ।सिद्ध कीजिए।

प्रश्न 5) **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-** **(4)**

तानाजी- (दृढ़ता से) अवश्य महाराज, स्वराज्य के लिए तो मैं अपने प्राण तक न्योछावर कर दूँगा।
सलाहकार- (चिंतित स्वर में) महाराज, यह लड़ाई बहुत आसान न होगी। हमें पूरी तैयारी करनी होगी।
छत्रपति शिवाजी- (आश्वासन देते हुए) हमारी तैयारी और हमारे सैनिकों का साहस ही हमें जीत दिलाएगा।
सैनिक- (उत्साहित होकर) हम सभी आपके साथ हैं तानाजी। आपके नेतृत्व में हम इस दुर्ग पर जीत हासिल करेंगे और स्वराज्य का झंडा फहराएँगे।

वाचक- इस तरह सभी सैनिकों और सलाहकारों ने बनाई गई योजना पर सहमति जताई और विस्तृत तैयारियों शुरू कर दी। मानचित्रों और योजनाओं की जाँच की गई तथा सभी जरूरी सामग्री की व्यवस्था की गई।
वाचक - कोंढाणा की लड़ाई की रात थी। चारों ओर अँधेरा था केवल मशालों की रोशनी थी। साहस के साथ तानाजी और उनके सैनिक किले की खड़ी चट्टानों पर चढ़ गए। युद्ध का दृश्य जीवंत करने हेतु सकारात्मक ध्वनि गूंज उठी।
तानाजी-(फुसफुसाते हुए) सभी ध्यान से चलें, हमें शोर नहीं करना है। यह किला हमें हर हाल में जीतना है।
सैनिक- (आत्मविश्वास से) तानाजी, हम आपके नेतृत्व में इस किले को ज़रूर जीतेंगे। आप चिंता न करें।
वाचक- जैसे ही वे चट्टानों पर चढ़ें, दुश्मन के सिपाहियों ने उन्हें देख लिया और हमला बोल दिया।
दुश्मन सिपाही- (चिल्लाते हुए) आक्रमण! मराठा आ गए हैं!
वाचक- युद्ध का शोर बढ़ता गया। तानाजी बहादुरी से दुश्मनों से भिड़ गए। घमासान युद्ध हुआ। युद्ध के दौरान तानाजी गंभीर रूप से घायल हो गए।

1) युद्ध के दौरान ताना जी के घायल होने के बाद भी सैनिकों ने लड़ाई जारी रखी, यह किस बात का प्रतीक है?
2) क्या युद्ध में किसी भी क़ीमत पर विजय प्राप्त करना उचित है , भले ही उसमें बड़े बलिदान देने पड़े?
3) इस कहानी से आप अपने जीवन में कौन- कौन से नैतिक मूल्य अपनाना चाहेंगे?
4) युद्ध के दौरान सैनिक किस प्रकार की तैयारियाँ करते हैं?

## खंड ग": व्यावहारिक व्याकरण

**प्रश्न 6) निर्देशानुसार करें :-**

i ) **'लावारिस'** शब्द में उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग-अलग करें (1)
ii) **' अध '** उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाओ । (1/2)
iii) **'सजग'** शब्द 'सु' उपसर्ग से बना है। (सही/गलत) (1/2)
iv) **'घुमक्कड़'** शब्द में प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग-अलग करें (1)
v ) **'ता'** प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाएँ (1/2)
vi) **'अडियल' शब्द 'ल'** प्रत्यय से बना है। (सही/गलत) (1/2)
vii ) छात्र **परीक्षा देते हैं।** (क्रिया का भेद बताएँ) (1)
viii) **रोहन आज दिल्ली जाएगा।** (काल का भेद बताएँ) (1)
ix) **खिलाड़ी *बहुत तेज* दौड़ा।** (रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताइए) (1)
x) **युवक -------जा रहा है। (स्थानवाचक** क्रिया विशेषण पद भरे) (1)
xi) **उसने कठोर परिश्रम किया था इसलिए परीक्षा में प्रथम आया** समुच्चयबोधक पद छाँट कर लिखें) (1)
xii) **कोने में बैठा हुआ वह कंपनी का मैनेजर है।**( रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ) (1)
xiii) **भागता हुआ बच्चा सड़क पर गिर पड़ा** ।(रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ) (1)

B-2

Scanned with OKEN Scanner

xiv) **हर पद समूह पदबंध होता है।** (सही/गलत) (1)

xv) **यदि तुम आते तो मुझे प्रसन्नता होती।** (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ ) (1)

xvi) **नववर्ष मंगलमय हो** । (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ ) (1)

xvii) **मेधावी छात्र परीक्षा में नक्ल नहीं करते** । (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ ) (1)

xviii) विराम चिह्न का नाम लिखें:- (! ), (: ) (1)

xix ) किसी व्यक्ति के कथन को मूलरूप से लिखने पर-------- विराम चिह्न का प्रयोग होता है। (रिक्त स्थान भरें)(1)

xx) वैभव आदित्य माधव आकाश सार्थक आदि भी आए थे वे सब अब वहाँ जाएँगे (उचित विराम चिह्न लगाएँ) (1)

**xxi) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें -** (2)

स्वतंत्र, मूर्त, स्तुति, हानिकारक

**xxii)** कमरा कल तक व्यवस्थित कर दो, यह कितना----------**(उचित विलोम शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरें)** (1/2)

xxiii) मर्यादित जीवन जीवन जीने वाला ही सफल होता है असफल तो वे होते हैं,जिनका जीवन -----------हो। (**उचित विलोम शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरें)** (1/2)

xxiv) **संधि करो--** भू + उद्धार, महा + ऋषि (1)

xxv ) **संधि विच्छेद करें-** अन्वेषण, मुनीश (2)

xxvi) **समस्तपद बनाओ तथा भेद लिखो** - नौ निधियों का समूह, महान है जो आत्मा (2)

xxvii ) **समास विग्रह करें-** मृत्युदंड, यथाशक्ति (1)

xxviii ) मानवीकरण अलंकार का एक उदाहरण लिखे। (1)

xxix ) **"पीपर पात सरिस मन डोला"** इस पंक्ति में कौन- सा अलंकार है? (1)

Xxx ) उत्प्रेक्षा अलंकारों में मनु, मानो जनु,जानो आदि शब्दों का प्रयोग होता है। (सही/ ग़लत) (1)

**xxxi) निम्नलिखित मुहावरे अथवा लोकोक्तियों के अर्थ लिखो (कोई दो करें)-** (2)

मजा किरकिरा होना, चोर की दाढ़ी में तिनका, अंत भला तो सब भला

**xxxii) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में करें-** (2)

हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाना, टका सा जवाब देना

xxxiii) • श्याम की बढ़िया नौकरी की बात सुनकर राम उसके पास शहर गया लेकिन पता चला कि वह तो केवल सेठ का एक नौकर है तभी राम को लगा कि---------------।) रिक्त स्थान में उचित मुहावरा अथवा लोकोक्ति भरें) **अथवा**

• मैंने रोहित की गाड़ी ख़रीदने में बहुत मदद की और जब मुझे एक दिन बेटी को अस्पताल ले कर जाने के लिए गाड़ी की ज़रूरत पड़ी तो उसने----------- दिया। ) रिक्त स्थान में उचित मुहावरा अथवा लोकोक्ति भरें) (1)

## खंड 'घ' : रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 7) निम्नलिखित विषयों पर संकेत बिन्दु की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-** (5)

**स्वच्छता ही सेवा : एक पावन पहल**

**संकेत बिंदु** - स्वच्छता भगवान का दूसरा रूप, घर-आँगन, गली-मुहल्लों के साथ तन-मन की स्वच्छता भी आवश्यक, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन, स्वच्छता अभियान में विद्यार्थियों सहित सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी एवं संकल्प।

**अथवा**

**केवल दीवारें और छत घर नहीं होतीं**

**संकेत बिंदु** - घर का व्यापक अर्थ, केवल दीवारों और छतों का नाम घर नहीं, स्नेह, सम्मान, संवेदनाओं व आपसी ताल-मेल से बनता है घर, आधुनिक युग में घर को घर बनाने के उपाय, सुझाव/ आह्वान

**प्रश्न 8 )** हानिकारक रसायनों से बने रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाने की सीख देते हुए अपने मित्र अनुपम को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपका चचेरा छोटा भाई परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सका। चचेरे भाई को परिश्रम के लिए प्रेरित करते हुए सुझाव पत्र लिखिए।

B-3

Scanned with OKEN Scanner

**प्रश्न 9)** अपने क्षेत्र में फैली गंदगी के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी और क्षेत्र के प्रधान के बीच बातचीत को संवाद के रूप में लिखो । (4)

**अथवा**

सुनीता और गीता में किसी विषय की पढ़ाई संबंधी कठिनाइयों के संबंध में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखे।

**प्रश्न 10)** आपके क्लब की ओर से मोहल्ले में बेघर हुए वृद्ध लोगों के लिए वृद्धाश्रम खोला जा रहा है ।इस कार्य में आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए मोहल्ले में रह रहे लोगों को सचिव की ओर से सूचना लिखिए । (3)

**अथवा**

**निम्नलिखित वाक्यों के आधार पर लघु कथा बनाइए-**

बेटा गाँव से शहर के लिए चलने वाला था। माँ आटा, दाल, गुड़, घी, अचार आदि बाँधने में जुटी थी । बेटे से बात करते समय वह घर के बारे में काफ़ी कुछ बता चुकी थी। मसलन इस बार गरमी में फ़सल को पानी नहीं दिया है, पूरी फ़सल बस राम भरोसे है, ओसारे का छप्पर पुराना हो गया है, बब्बू बनिए का तीन महीने का उधार सिर पर है, मंगलू की बहू की मुँह दिखाई करनी है आदि, आदि... अब आगे...

**प्रश्न 11 )** दिल्ली पुलिस की ओर से ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए शिकायत दर्ज कराने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।** (3)



Scanned with OKEN Scanner